अपील विरुद्व आदेश दिनांक 08.10.2018 न्यायालय तहसीलदार नदबई व मुकदमा उनवानी सरकार बनाम नरेन्द्र अन्तर्गत धारा 91 एल.आर.एक्ट मुकदमा नं 19 / 18 न्यायालय तहसीलदार नदबई।

———————

उपस्थित –

1– श्री राजाराम डागुर अभिभाषक अपीलांट

2– श्री राजेश पचौरी राजकीय अभिभाषक रेस्पो.

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 08.05.2019

अपीलांट ने यह अपील तहसीलदार नदबई के आदेश दिनांक 08.10.2018 के खिलाफ पेश हुई है। अपीलाधीन आदेश में तहसीलदार नदबई ने खसरा न. 557/392 रकवा 0.68 व 439 रकवा 1.20 चारागाह भूमि बांके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई पर तहासीलदार द्वारा पारित आज्ञा दिनांक 08.10.2018 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है जिसमें विवादित आराजी पर अपीलांट को अतिक्रमी मानते हुए बेदखल किए जाने एवं पेन्लटी 2256/– रूपये कायम करने की आज्ञा दी गयी है तथा अपीलांट को पश्चातवर्ती अतिक्रमी मानते हुए 3 माह की सिविल कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। जिसके विरूद्ध यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो को नोटिस जारी किये गये एवं तहसीलदार नदबई से तहत पत्रावली तलब की गई। योग्य अभिभाषक ने अपील अंकित कथनों को दोहराते हुए बताया है कि अपीलांट के हाल खसरा न. 557/392 रकवा 0.68 व 439 रकवा 1.20 हैक्टेयर चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई है। योग्य अभिभाषक का कथन है कि खसरा न. 557/392 चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई में से क्रमश .68 व 1.20 हैक्ट रकवा पर अतिक्रमण दिखा दिया गया है। योग्य रेस्पो की ओर से राजकीय अभिभाषक उपस्थित । योग्य अभिभाषक उभय पक्ष की बहस सुनी गई। योग्य अभिभाषक पक्ष का तर्क है कि तहत न्यायालय में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने तीन माह का सिविल कारावास दण्ड से अपीलांट को दंण्डित किया गया एवं 50 गुना पेनल्टी 2256/– रू फसल नीलामी आदेश पारित किये गऐ हैं। अपीलांट द्वारा पेनल्टी जमा करा दी गई है। एवं चारागाह भूमि से अपना कब्जा हटा लिया गया है। हमने खाली जमीन पड़ी हुई होने के कारण उसमें डहंचा बो दिया था। जो अधीनस्थ न्यायालय ने हमारे विरूद्ध तीन माह का सिविल कारावास से दण्डित किया है जो कि गलत है क्यों कि अपीलांट ने सरकारी भूमि पर से अपना कब्जा हटा लिया था। अतः दिनांक 08.10.2018 के पारित निर्णय को निरस्त फरमाया जाये।

पेरोकार सरकार ने तहत अदालत तहसीलदार नदबई के अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 की ताईद करते हुए कथन किया गया कि तहत अदालत द्वारा विधिवत कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाकर ही अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है जिसमें कतई किसी प्रकार के कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं रहती है। अपीलांट द्वारा पूर्व में

भी इस आररजी पर अतिक्रमण किया गया था। पटवारी हल्का की रिपोर्ट के अनुसार अपीलांट के खिलाफ उक्त समस्त कार्यवाही राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत की गई है। जिसका तहत अदालत को बखूबी अधिकार प्राप्त है। ऐसी स्थिति में अपीलांट के खिलाफ तहत अदालत द्वारा की गई कार्यवाही न्याय संगत है। अंत में पेरोकार सरकार द्वारा अपील अपीलांट खारिज फरमाये जाने एवं अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 यथावत रखे जाने का निवेदन किया है।

हमने वकील उभयपक्ष की बहस तर्कों पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया । आराजी खसरा न. 557/392 रकवा 0.68 व 439 रकवा 1.20 हैक्टेयर राजस्व रिकोर्ड में राजकीय चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा में अपीलांट द्वारा डहचा बोकर अतिक्रमण किया जाना सिद्ध होता है। उक्त अतिक्रमण का सिद्ध होना स्वयं अपीलांट के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र से स्पष्ट होता है एवं पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 27.02.2019 की रिपोर्ट से अवगत कराया है कि अतिक्रमी ने अपना कब्जा हटा लिया है। पश्चातवर्ती अर्थात विवादित आराजी पर अपीलांट अतिक्रमी का कब्जा/अतिक्रमण पाये जाने पर भी अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेनल्टी राशि अपीलांट के द्वारा जमा कराई जा चुकी है। जब अतिक्रमी अपीलांट के द्वारा विवादित चारागाह भूमि से मौके पर अतिक्रमण है हटाया लिया है। कब्जा नहीं होतो उसके विरूद्ध पारित सिविल कारावास की सजा को निरस्त किया जाना न्यायोचित एवं विधि सम्वत रहता है।

अतः अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाकर इस निर्देश के साथ तहसीलदार नदबई को प्रति प्रेषित की जाती है कि बाद जांच मौके पर अपीलान्ट द्वारा अतिक्रमण हटा लिया गया है तो ही अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 के तहत अपीलांट के विरूद्ध पारित सिविल कारावास की सजा निरस्त की जाती है तथा शेष आदेश में कोई हस्तक्षेप न किया जाकर यथावत रखा जाता है। निर्णय की प्रति के साथ तहत पत्रावली वापिस प्रेषित की जावे।

निर्णय आज दिनांक 08.05.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ आरूषि मलिक)

जिला कलक्टर,
भरतपुर

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील राजस्व / 26 / 2018

1 सत्यवीर सिंह पुत्र महाराज सिंह जाति जाट निवासी ग्राम हरनेरा तहसील नदबई , जिला भरतपुर

.....अपीलार्थी

बनाम

1 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार नदबई जिला भरतपुर

.....रेस्पोडेन्ट

अपील विरुद्व आदेश दिनांक 08.10.2018 न्यायालय तहसीलदार नदबई व मुकदमा उनवानी सरकार बनाम नरेन्द्र अन्तर्गत धारा 91 एल.आर.एक्ट मुकदमा नं 17 / 18 न्यायालय तहसीलदार नदबई।

————————

उपस्थित –

1– श्री राजाराम डागुर अभिभाषक अपीलांट

2– श्री राजेश पचौरी राजकीय अभिभाषक रेस्पो.

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 08.05.2019

अपीलांट ने यह अपील तहसीलदार नदबई के आदेश दिनांक 08.10.2018 के खिलाफ पेश हुई है। अपीलाधीन आदेश में तहसीलदार नदबई ने खसरा न. 391 रकवा 1.28 हैक्ट0 चारागाह भूमि बांके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई पर तहासीलदार द्वारा पारित आज्ञा दिनांक 08.10.2018 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है जिसमें विवादित आराजी पर अपीलांट को अतिक्रमी मानते हुए बेदखल किए जाने एवं पेन्लटी 1536/– रूपये कायम करने की आज्ञा दी गयी है तथा अपीलांट को पश्चातवर्ती अतिक्रमी मानते हुए 3 माह की सिविल कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। जिसके विरूद्ध यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस जारी किये गये एवं तहसीलदार नदबई से तहत पत्रावली तलब की गई। योग्य अभिभाषक ने अपील अंकित कथनों को दोहराते हुए बताया है कि अपीलांट के हाल खसरा न. 391 रकवा 1.28 हैक्टेयर चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई है। योग्य अभिभाषक का कथन है कि खसरा न. 391 रकवा 1.28 हैक्ट0 चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा तहसील नदबई में से 1.28 हैक्ट रकवा पर अतिक्रमण दिखा दिया गया है। योग्य रेस्पो की ओर से राजकीय अभिभाषक उपस्थित । योग्य अभिभाषक उभय पक्ष की बहस सुनी गई। योग्य अभिभाषक पक्ष का तर्क है कि तहत न्यायालय में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने तीन माह का सिविल कारावास दण्ड से अपीलांट को दंण्डित किया गया एवं 50 गुना पेनल्टी 1536/– रू फसल नीलामी आदेश पारित किये गऐ हैं। अपीलांट द्वारा पेनल्टी जमा करा दी गई है। एवं चारागाह भूमि से अपना कब्जा हटा लिया गया है। हमने खाली जमीन पड़ी हुई होने के कारण उसमें डहचा व ज्वार बो दिया था। जो अधीनस्थ न्यायालय ने हमारे विरूद्ध तीन माह का सिविल कारावास से दण्डित किया है जो कि गलत है क्यों कि अपीलांट ने सरकारी भूमि पर से अपना कब्जा हटा लिया था। अतः दिनांक 08.10.2018 के पारित निर्णय को निरस्त फरमाया जाये।

पेरोकार सरकार ने तहत अदालत तहसीलदार नदबई के अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 की ताईद करते हुए कथन किया गया कि तहत अदालत द्वारा विधिवत कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाकर ही अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है जिसमें कतई किसी प्रकार के कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं रहती है। अपीलांट द्वारा पूर्व में

भी इस आररजी पर अतिक्रमण किया गया था। पटवारी हल्का की रिपोर्ट के अनुसार अपीलांट के खिलाफ उक्त समस्त कार्यवाही राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत की गई है। जिसका तहत अदालत को बखूबी अधिकार प्राप्त है। ऐसी स्थिति में अपीलांट के खिलाफ तहत अदालत द्वारा की गई कार्यवाही न्याय संगत है। अंत में पेरोकार सरकार द्वारा अपील अपीलांट खारिज फरमाये जाने एवं अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 यथावत रखे जाने का निवेदन किया है।

हमने वकील उभयपक्ष की बहस तर्कों पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया । आराजी खसरा न. 391 रकवा 1.28 हैक्टेयर राजस्व रिकोर्ड में राजकीय चारागाह भूमि बाके ग्राम हरनेरा में अपीलांट द्वारा डहचा व ज्वार बोकर अतिक्रमण किया जाना सिद्ध होता है। उक्त अतिक्रमण का सिद्ध होना स्वयं अपीलांट के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र से स्पष्ट होता है एवं पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 27.02.2019 की रिपोर्ट से अवगत कराया है कि अतिक्रमी ने अपना कब्जा हटा लिया है। पश्चातवर्ती अतिक्रमण के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित है कि विगत वर्षो में बेदखली होने पर ही इस वर्ष पश्चातवर्ती अर्थात विवादित आराजी पर अपीलांट अतिक्रमी का कब्जा/अतिक्रमण पाये जाने पर भी अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेनल्टी राशि अपीलांट के द्वारा जमा कराई जा चुकी है। जब अतिक्रमी अपीलांट के द्वारा विवादित चारागाह भूमि से मौके पर अतिक्रमण है हटाया लिया है। कब्जा नहीं होतो उसके विरूद्ध पारित सिविल कारावास की सजा को निरस्त किया जाना न्यायोचित एवं विधि सम्वत रहता है।

अतः अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाकर इस निर्देश के साथ तहसीलदार नदबई को प्रति प्रेषित की जाती है कि बाद जांच मौके पर अपीलान्ट द्वारा अतिक्रमण हटा लिया गया है तो ही अपीलाधीन आदेश दिनांक 08.10.2018 के तहत अपीलांट के विरूद्ध पारित सिविल कारावास की सजा निरस्त की जाती है तथा शेष आदेश में कोई हस्तक्षेप न किया जाकर यथावत रखा जाता है। निर्णय की प्रति के साथ तहत पत्रावली वापिस प्रेषित की जावे।

निर्णय आज दिनांक 08.05.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

प्रार्थना पत्र नजरसानी / 80 / 2018

शालिनी सिंघल उचित मूल्य दुकानदार वार्ड नं0 15–16 कस्बा नदबई तहसील नदबई जिला भरतपुर

. ..... प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी भरतपुर

..... अप्रार्थी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रार्थना पत्र नजरसानी

निर्णय दिनांक 18.06.2019

यह प्रार्थना पत्र नजरसानी पेश किया है कि उनबानी अपील श्रीमानजी के न्यायालय में विचारधीन थी जिसमें श्रीमानजी ने दिनांक 04.06.2018 को आदेश पारित कर अपील को खारिज कर दिया है। प्रार्थना पत्र नजरसानी प्रार्थी अभिभाषक बहस में प्रार्थी के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में न्यायालय श्री मान द्वारा रेस्पोडेन्ट पेरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर अपील खारिज कर दी।

प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। मूल निर्णय दिनांक 04.06.2018 गुणावगुण के आधार पर बाद परीक्षण पारित किया गया है। प्रथम दृष्टया निर्णय में कोई त्रुटि नहीं पाई गई है। प्रथम दृष्टया मूल आदेश में कोई अनियमितता पाई नहीं गई है। निर्णय दिनांक 04.06.2018 का नजरसानी करना उचित नहीं पाते है। लिहाजा प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज योग्य ही रहता है।

अतः उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 18.06.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ. आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

प्रार्थना पत्र नजरसानी/79/2018

इन्द्राज सिंह उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत करीली 1/2 कस्बा नदबई तहसील नदबई जिला भरतपुर

. ..... प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी भरतपुर

..... अप्रार्थी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रार्थना पत्र नजरसानी

निर्णय दिनांक 18.06.2019

यह प्रार्थना पत्र नजरसानी पेश किया है कि उनबानी अपील श्रीमानजी के न्यायालय में विचारधीन थी जिसमें श्रीमानजी ने दिनांक 04.06.2018 को आदेश पारित कर अपील को खारिज कर दिया है। प्रार्थना पत्र नजरसानी प्रार्थी अभिभाषक बहस में प्रार्थी के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में न्यायालय श्री मान द्वारा रेस्पोडेन्ट पेरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर अपील खारिज कर दी।

प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। मूल निर्णय दिनांक 04.06.2018 गुणावगुण के आधार पर बाद परीक्षण पारित किया गया है। प्रथम दृष्टया निर्णय में कोई त्रुटि नहीं पाई गई है। प्रथम दृष्टया मूल आदेश में कोई अनियमितता पाई नहीं गई है। निर्णय दिनांक 04.06.2018 का नजरसानी करना उचित नहीं पाते है। लिहाजा प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज योग्य ही रहता है।

अतः उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 18.06.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ. आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

प्रार्थना पत्र नजरसानी/78/2018

मनोहर सिंह उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत करीली 1/2 कस्बा नदबई तहसील नदबई जिला भरतपुर

. ..... प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी भरतपुर

..... अप्रार्थी

उपस्थितः—
1—श्री रमनलाल मित्तल अभिभाषक अपीलान्ट,
2—प्रवर्तन अधिकारी,पेरोकार रसद

प्रार्थना पत्र नजरसानी

निर्णय

दिनांक 18.06.2019

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने अंकित किया है कि उनबानी मनोहर बनाम जिला रसद अधिकारी, भरतपुर अपील दिनांक दिनांक 04.0.6.2018 को सुनवाई हेतु पेशी मे नियत थी। परन्तु अपीलांट अधिवक्ता वक्त पेशी किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाये। और अपीलांट के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में अपील का निर्णय न्यायालय श्रीमान द्वारा रेस्पोडेन्ट पेरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी। जबकि आदेश 41 नियम 17 जा.दी. के स्पष्टीकरण में स्पष्ट प्रावधान है कि न्यायालय अपीलांअ की अनुपस्थति में अपील को गुणावगुण के आधार पर खारिज नहीं कर सकते। न्यायालय का निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 को रिव्यू कर खारिज कर दिया जावे। एवं अपील का फैसला दोनों पक्षों की बहस सुनकर किये जाने के आदेश फरमावें।

अपीलांट वकील ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट अभिभाषक किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सका और अभिभाषक अपीलान्ट की अनुपस्थित में रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी गई है जो नियमों के विपरीत है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने आदेश 41 नियम 17 सीपीसी की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हुये प्रार्थना नजरसानी स्वीकार कर अपील पुनः नम्बर लेकर हमें सुना जाकर गुणावगुण के आधार निर्णय पारित किया जावे।

पेरोकार रसद ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट के अभिभाषक को बहस हेतु कई मोके दिये गये एवं दिनांक 04.06.2018 को अपीलांट या

उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं आये। माननीय न्यायालय ने रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनी जाकर, अपीलान्ट द्वारा अपील में अंकित कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड दस्तावेजात के आधार पर ही गुणावगुण के आधार निर्णय किया गया है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र नजरसानी में ऐसे कोई तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारित निर्णय प्रभावित होता हो। प्रार्थनापत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभयपक्ष के कथनों पर गौर किया गया। योग्य अभिभाषक प्रार्थी का मुख्य कथन है कि प्रार्थना पत्र नजरसानी स्वीकार किया जाकर अपील पुनः नम्बर पर लेकर उसे सुना जाकर गुणावगुण के आधार पर निर्णय पारित किया जावे। प्रार्थी ने अपने नजरसानी प्रार्थना पत्र में ऐसा कोई तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे मूल अपील में पारित निर्णय प्रभावित होता/निर्णय में त्रुटि प्रतीत होती हो। मूल अपील संख्या 24/17 एवं पारित निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 के अवलोकन से स्पष्ट है मूल अपील में पारित निर्णय अपील में कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड पत्रादि के अध्ययन के बाद ही गुणावगुण के आधार पर पारित किया गया है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने कोई नये तथ्य हमारे समक्ष पेश नहीं किये हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज योग्य रहता है।

अतः उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 18.06.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ. आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

प्रार्थना पत्र नजरसानी/79/2018

इन्द्राज सिंह उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत करीली 1/2 कस्बा नदबई तहसील नदबई जिला भरतपुर

. ..... प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी भरतपुर

..... अप्रार्थी

उपस्थितः—
1—श्री रमनलाल मित्तल अभिभाषक अपीलान्ट
2—प्रवर्तन अधिकारी,पेरोकार रसद

प्रार्थना पत्र नजरसानी

निर्णय

दिनांक 18.06.2019

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने अंकित किया है कि उनबानी इन्द्राज सिंह बनाम जिला रसद अधिकारी, भरतपुर अपील दिनांक दिनांक 04.0.6.2018 को सुनवाई हेतु पेशी मे नियत थी। परन्तु अपीलांट अधिवक्ता वक्त पेशी किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाये। और अपीलांट के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में अपील का निर्णय न्यायालय श्रीमान द्वारा रेस्पोडेन्ट पेरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी। जबकि आदेश 41 नियम 17 जा.दी. के स्पष्टीकरण में स्पष्ट प्रावधान है कि न्यायालय अपीलांअ की अनुपस्थति में अपील को गुणावगुण के आधार पर खारिज नहीं कर सकते। न्यायालय का निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 को रिव्यू कर खारिज कर दिया जावे। एवं अपील का फैसला दोनों पक्षों की बहस सुनकर किये जाने के आदेश फरमावें।

अपीलांट वकील ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट अभिभाषक किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सका और अभिभाषक अपीलान्ट की अनुपस्थित में रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी गई है जो नियमों के विपरीत है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने आदेश 41 नियम 17 सीपीसी की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हुये प्रार्थना नजरसानी स्वीकार कर अपील पुनः नम्बर लेकर हमें सुना जाकर गुणावगुण के आधार निर्णय पारित किया जावे।

पेरोकार रसद ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट के अभिभाषक को बहस हेतु कई मोके दिये गये एवं दिनांक 04.06.2018 को अपीलांट या

उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं आये। माननीय न्यायालय ने रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनी जाकर, अपीलान्ट द्वारा अपील में अंकित कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड दस्तावेजात के आधार पर ही गुणावगुण के आधार निर्णय किया गया है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र नजरसानी में ऐसे कोई तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारित निर्णय प्रभावित होता हो। प्रार्थनापत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभयपक्ष के कथनों पर गौर किया गया। योग्य अभिभाषक प्रार्थी का मुख्य कथन है कि प्रार्थना पत्र नजरसानी स्वीकार किया जाकर अपील पुनः नम्बर पर लेकर उसे सुना जाकर गुणावगुण के आधार पर निर्णय पारित किया जावे। प्रार्थी ने अपने नजरसानी प्रार्थना पत्र में ऐसा कोई तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे मूल अपील में पारित निर्णय प्रभावित होता/निर्णय में त्रुटि प्रतीत होती हो। मूल अपील संख्या 19/17 एवं पारित निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 के अवलोकन से स्पष्ट है मूल अपील में पारित निर्णय अपील में कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड पत्रादि के अध्ययन के बाद ही गुणावगुण के आधार पर पारित किया गया है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने कोई नये तथ्य हमारे समक्ष पेश नहीं किये हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज योग्य रहता है।

अतः उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 18.06.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ. आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

प्रार्थना पत्र नजरसानी / 80 / 2018

शालिनी सिंघल उचित मूल्य दुकानदार वार्ड नं015–16 कस्बा नदबई तहसील नदबई जिला भरतपुर

. ..... प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी भरतपुर

..... अप्रार्थी

उपस्थितः–
1–श्री रमनलाल मित्तल अभिभाषक अपीलान्ट,
2–प्रवर्तन अधिकारी,पेरोकार रसद

प्रार्थना पत्र नजरसानी

निर्णय

दिनांक 18.06.2019

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने अंकित किया है कि उनबानी शालनी सिंघल बनाम जिला रसद अधिकारी, भरतपुर अपील दिनांक दिनांक 04.0.6.2018 को सुनवाई हेतु पेशी मे नियत थी। परन्तु अपीलांट अधिवक्ता वक्त पेशी किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाये। और अपीलांट के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में अपील का निर्णय न्यायालय श्रीमान द्वारा रेस्पोडेन्ट पेरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी। जबकि आदेश 41 नियम 17 जा.दी. के स्पष्टीकरण में स्पष्ट प्रावधान है कि न्यायालय अपीलांअ की अनुपस्थति में अपील को गुणावगुण के आधार पर खारिज नहीं कर सकते। न्यायालय का निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 को रिव्यू कर खारिज कर दिया जावे। एवं अपील का फैसला दोनों पक्षों की बहस सुनकर किये जाने के आदेश फरमावें।

अपीलांट वकील ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट अभिभाषक किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सका और अभिभाषक अपीलान्ट की अनुपस्थित में रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनकर अपील का निर्णय गुणावगुण के आधार पर पारित कर अपील खारिज कर दी गई है जो नियमों के विपरीत है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने आदेश 41 नियम 17 सीपीसी की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हुये प्रार्थना नजरसानी स्वीकार कर अपील पुनः नम्बर लेकर हमें सुना जाकर गुणावगुण के आधार निर्णय पारित किया जावे।

पेरोकार रसद ने अपनी बहस में जाहिर किया है कि अपीलांट व अपीलांट के अभिभाषक को बहस हेतु कई मोके दिये गये एवं दिनांक 04.06.2018 को अपीलांट या

उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं आये। माननीय न्यायालय ने रेस्पो. पैरोकार रसद की बहस सुनी जाकर, अपीलान्ट द्वारा अपील में अंकित कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड दस्तावेजात के आधार पर ही गुणावगुण के आधार निर्णय किया गया है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र नजरसानी में ऐसे कोई तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारित निर्णय प्रभावित होता हो। प्रार्थनापत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभयपक्ष के कथनों पर गौर किया गया। योग्य अभिभाषक प्रार्थी का मुख्य कथन है कि प्रार्थना पत्र नजरसानी स्वीकार किया जाकर अपील पुनः नम्बर पर लेकर उसे सुना जाकर गुणावगुण के आधार पर निर्णय पारित किया जावे। प्रार्थी ने अपने नजरसानी प्रार्थना पत्र में ऐसा कोई तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे मूल अपील में पारित निर्णय प्रभावित होता/निर्णय में त्रुटि प्रतीत होती हो। मूल अपील संख्या 05/17 एवं पारित निर्णय दिनांक 04.0.6.2018 के अवलोकन से स्पष्ट है मूल अपील में पारित निर्णय अपील में कथनों एवं पत्रावलीयों में उपलब्ध रिकार्ड पत्रादि के अध्ययन के बाद ही गुणावगुण के आधार पर पारित किया गया है। योग्य अभिभाषक प्रार्थी ने कोई नये तथ्य हमारे समक्ष पेश नहीं किये हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज योग्य रहता है।

अतः उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र नजरसानी खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 18.06.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ. आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील संख्या :–68 / 2017

1– गजपत पुत्र खचेरा जाति जाट निवासी तुहिया तहसील भरतपुर ..... (मृतक)

1 / 1– प्रतापसिंह पुत्र श्री गजपत सिंह जाति जाट निवासी तुहिया तहसील भरतपुर
1 / 2– महेन्द्र सिंह पुत्र श्री गजपत सिंह ..... (मृतक)
2 / 1– महेश चन्द पुत्र
2 / 2– मुकेश पुत्र
2 / 3– लीलावती पत्नि } श्री स्व. महेन्द्रसिंह जाति जाट निवासी तुहिया
2 / 4– मधु पुत्री } तहसील भरतपुर व जिला भरतपुर
2 / 5– मुनेश पुत्री

..... अपीलांट

बनाम

1– विस्सो वेवा पूरना
2– विजयसिंह पुत्र पूरना } अकबाम जाटव निवासीयान तुहिया
3– वीरीसिंह पुत्र पूरना } तहसील भरतपुर व जिला भरतपुर
4– रनवीर सिंह पुत्र पूरना
5– मुकेश
6– भुवनेश } पुत्रगण श्री निहालसिंह जाति जाट निवासी तुहिया
7– सुरेशसिंह } तहसील भरतपुर व जिला भरतपुर
8– संजयसिंह
9– सुनीता सिंह } पिसरान श्री ओमवीरसिंह जाति जाट निवासी तुहिया तहसील भरतपुर व जिला भरतपुर

.....रेस्पोडेन्टान

अपील विरूद्ध आदेश पट्टा तारीखी 25–09–1992 तहसीलदार (प्राधिकृत अधिकारी) भरतपुर बाबत खसरा नम्बर 1702,1703 बाकै ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर

निर्णय

दिनांक 27.06.2019

अपीलान्ट द्वारा अपील विरूद्ध आदेश पट्टा तारीखी 25–09–1992 तहसीलदार (प्राधिकृत अधिकारी) भरतपुर बाबत खसरा नम्बर 1702,1703 बाकै ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर की बाबत इस प्रकार प्रस्तुत की गई कि अदालत तहत ने आदेश गैर अपील पारित करने से पूर्व इस तथ्य पर कतई गौर नहीं किया है कि विवादित आराजी पर आज तक रेस्पोडेन्टान का कब्जा नहीं रहा है और ना ही इनके मृतक पिता का इस आराजी पर कब्जा था। अदालत तहत द्वारा आदेश पट्टा पारित करने से पूर्व मौके की कोई जांच नहीं की गई। मौके पर आज तक आराजी मुतनाजा पर अपीलांट काबिज होकर चला आ

Web Copy - Not Official

रहा है। अपीलांट की यह आराजी मुतनाजा खुद की आराजी है। जिसको प्रारम्भ से ही अपीलांट आबादी के रूप में लेता चला आ रहा है।

इस विवादित आराजी में अपीलांट ने सन् 1968 में पुख्ता कुआ व उसमें ट्यूबबैल लगाया था तथा बिजली की मोटर लगाई थी व पुख्ता होदी बनाई थी , जो आज तक बदस्तूर है।

चूंकि यह आराजी अपीलांट की खेवट की आराजी थी तथा अपीलांट गांव का नम्बरदार था जिसके अपनी उठक बैठक के लिए एक कच्ची कोठरी बना रखी थी। जिसमें अपीलान्ट अपनी उठक बैठक रखता था। यह कोठरी कच्ची होने के कारण वर्षा में गिर गई जिसकी मिट्टी का टीला आज भी जमा हुआ है। इसी विवादित आराजी मुतनाजा पर अपीलान्ट ने अपने पूर्वजों को दफनाया है जिसके थान बने हुए हैं। अपीलान्ट द्वारा लगाये गये पेड़ दरखत खडे हुए हैं। आज भी अपीलांट ही इस जमीन पर उठक बैठक रखता है व मवेशी बांधता है। पीने का हैण्डपम्प लगा हुआ है, बुर्जी गढी हुई है तथा कृषि यंत्र आदि रखता है , ईधन रखा हुआ है। इस प्रकार आराजी मुतनाजा पर आज तक कभी काश्त नहीं हुई और न ही खसरा गिरदावरी में कोई जिन्स दर्ज हुई बल्कि अपीलान्ट ही हमेशा आराजी मुतनाजा को आबादी के काम लेता रहा है। तहसीलदार भरतपुर ने आदेश जैर अपील अपने क्षेत्राधिकार से बाहर पारित की है। अदालत तहत में इस तथ्य पर गौर नहीं किया कि जब आराजी मुतनाजा पर रेस्पोडेन्टान का आज तक कब्जा ही नहीं रहा तो आदेश जैर अपील उक्त गलत इन्द्राज के आधार पर कृषि भूमि में परिवर्तित करने का आदेश नहीं दिया जा सकता है। तहत अदालत के समक्ष रेस्पोडेन्टान ने सही तथ्य नहीं रखे हैं तथा इस तथ्य को छिपाया है कि आराजी मुतनाजा की बाबत हो रहे गलत इन्द्राज को निरस्त करने हेतु अपीलांट द्वारा साक्ष्य न्यायालय में दावा कर दिया है जो विचाराधीन है। इस प्रकार अपीलान्ट ने प्रार्थना की है कि अपील अपीलांट स्वीकार कर आदेश पट्टा न्यायालय तहसीलदार भरतपुर दिनांक 25.09.1992 को निरस्त किया जावे।

पत्रावली के अवलोकन से यह जाहिर है कि पूर्व में दिनांक 20.1.1993 को न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर भरतपुर द्वारा अपीलाधीन आदेश दिनांक 25.09.92 तहसीलदार भरतपुर निरस्त किया जाकर तहसीलदार भरतपुर को रिमाण्ड किया गया था । जिसके विरूद्ध दो निगरानी क्रमशः 21/1993 व 22/1993 माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में प्रस्तुत की गई । जिनके द्वारा निगरानी 21/1993 स्वीकार कर अतिरिक्त जिला कलक्टर भरतपुर आदेश दिनांक 20.01.1993 निरस्त किया जाकर सुनवाई हेतु पुनः रिमाण्ड किया गया। तथा निगरानी संख्या 22/1993 प्रभावहीन की जाकर निर्णीत की गई। तत्पश्चात पत्रावली अति.जिला कलक्टर भरतपुर के न्यायालय में पेश की गई। दिनांक 19.04.2017 को उक्त पत्रावली एडीएम कोर्ट भरतपुर के पत्र क्रमांक /रीडर/एडीएम/17/769 दिनांक 19–9–17 के आधार पर इस न्यायलय को प्राप्त हुई है। न्यायालय द्वारा अपील दर्ज रजिस्टर की गई और पक्षकारान को नोटिस जारी किये गए। तत्पश्चात अपील में उभयपक्षकारान की बहस सुनी गई।

दौराने बहस अपीलांट द्वारा अपील में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया है कि अपीलाधीन खसरा नम्बर 1702 व 1703 अपीलांट की खुद काश्त की आराजी रही

है। संवत् 2012 व 2016 में उनके इन्द्राज रहे हैं। अपीलांट को संवत 2012 में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रभाव में आने पर धारा 12 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम व धारा

29 भागीदारी विश्वेदारी उन्मूलन अधिनियम के तहत खातेदारी अधिकार प्राप्त हो चुके हैं।

न्यायलय अतिरिक्त जिला कलक्टर भरतपुर द्वारा पूर्व में अपील स्वीकार कर तहसीलदार भरतपुर को रिमाण्ड की गई थी। तत्पश्चात माननीय राजस्व मण्डल अजमेर के समक्ष दो निगरानी क्रमशः 21/1993 व 22/1993 पेश की गईं । जिसमें रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व 4 की निगरानी खारिज की गई तथा रेस्पोडेन्ट संख्या 5 से 9 की निगरानी आंशिक स्वीकार की गई। अपीलाधीन आराजी बाबत सहायक कलक्टर के न्यायलय भरतपुर में दावा विचाराधीन है। जिसमें प्रार्थना पत्र 212 आरटीए में स्थगन आदेश जारी है। जिसके बाबजूद भी दिनांक 25.09.92 को भूमि रूपान्तरण कर दिया गया जो गलत है। मौका रिपोर्ट दिनांक 9.10.92 में अपीलांट का कब्जा राजस्व कर्मचारियों द्वारा दिखाया गया है। मौका रिपोर्ट राजस्व कर्मचारियों द्वारा बनाई गई है। दिनांक 25.9.92 में भूमि रूपान्तरण कराकर दिनांक 29.9.92 को आराजी का बेचान कर दिया। बेचान स्थगन आदेश के दौरान किया है जो गैर कानूनी व अवैध है। सहायक अभियंता की रिपोर्ट दिनांक 01.12.92 में आराजी नगरीय सीमा से 1/2 किमी. दूर बताई। दिनांक 25.10. 2018 को रेस्पोडेन्ट द्वारा आराजी पर कब्जा किया गया था। आराजी का काई आवंटन नहीं किया गया। राजस्व अधिकारियों द्वारा बनाई मौका रिपोर्ट 09.10.92 मान्य होती है। दिनांक 15.01.19 को सिविल कोर्ट द्वारा दिया गया स्टे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित किया हुआ है। इस प्रकार अन्त में अपीलांट द्वारा अपीलाधीन कन्वर्जन आदेश को निरस्त किये जाने का निवेदन अपनी बहस में किया गया।

रेस्पोडेन्ट द्वारा प्रार्थना पत्र धारा 10 व 11 व सपठित धारा 151 सी.पी.सी का मय शपथ पत्र पेश किया जो संलग्न मिसिल किया गया। रेस्पोडेन्ट द्वारा दौराने बहस यह कथन किया है कि गजपत वगैरह द्वारा प्रस्तुत किया गया स्थगन दिनांक 25.10.93 को खारिज हो चुका है। जिसकी अपील न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी कोर्ट भरतपुर में पेश की गई जो दिनांक 5.11.93 को खारिज हो चुकी है। अपीलाधीन आराजी पर कोई कब्जा नहीं था और नहीं आराजी खुद काश्त की जा रही है। जमाबन्दी के कालम संख्या 5 में अपीलांट का नाम नहीं है। न्यायालय सहायक कलक्टर भरतपुर द्वारा दावा दिनांक 04.03.2002 को खारिज किया जा चुका है। यद्यपि इसको नम्बर पर लेने का प्रार्थना पत्र विचाराधीन है लेकिन सन् 2002 से 2019 तक कोई भी आदेश इस पर नहीं हुआ है। आराजी बिस्सो के नाम रही है। बिस्सो के नाम जमीन का टाईटल था। दिनांक 2.2.93 की रिपोर्ट के अनुसार आराजी नगरीय सीमा से 4 किमी. दूर स्थित है। कन्वर्जन अवैध नहीं है। वयनामा दिनांक 29.9.1992 में कब्जा व दखल दिया जाना स्पष्ट रूप से अंकित है। वयनामा को आज तक चैलेंज नही किया गया है। दिनांक 15.01.19 का आदेश जो सिविल कोर्ट का है वह आज भी बहाल है। इस प्रकार रेस्पोडेन्ट द्वारा अपील अपीलांट खारिज करने का अनुरोध अपनी बहस में किया है।

हमने उभय पक्ष के विद्धान अभिभाषकों की बहस तर्कों पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया। यह प्रकरण तहत अदालत तहसीलदार भरतपुर द्वारा रैस्पोडेन्ट के हक में पारित पट्टा दिनांक 25.9.1992 के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है।

रिकार्ड के अवलोकन से जाहिर है कि गत खसरा नम्बर 1382 एवं 1383 के जो हाल नम्बर 1702, 1703 एवं 1704 बनाये गये है जिन पर तहत अदालत द्वारा अपीलाधीन

आदेश पारित किया गया है यह आराजी सम्वत 2018 तक अपीलान्ट की खुदकाश्त में दर्ज राजस्व रिकार्ड रही है जैसा कि नकल जमाबन्दी सम्बत 2011 लगायत 2014 से बखूबी साबित होता है। इसके अलावा अपीलान्ट के अर्सा दराज कब्जे बाबत तथ्य भी तहसीलदार भरतपुर की रिपोर्ट दिनांक 9.10.1992 से प्रमाणित होता है। अपीलान्ट का यह कहना कि धारा 5 एवं धारा 29 जमीदारी विस्बेदारी उन्मूलन अधिनियम के तहत अपीलान्ट स्वतः ही खातेदार हो जाता है तथा विवादित ग्रस्त आराजी पर आर0टी0एक्ट लागू होने से पूर्व से ही अपीलान्ट का कब्जा वहैसियत खातेदार काश्तकार चला आ रहा है यह भूमि प्रारम्भ से ही औक्यूपाईड भूमि थी जिसका आवंटन नहीं हो सकता था। अपीलान्ट के इस तथ्य से हम सहमत रहते है क्यों कि न्यायिक दृष्टान्त R.R.D. 1987 Page No. 496 के अतंर्गत यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि आवंटन केवल अन–औक्यूपाईड भूमि का ही हो सकता है। बाबजूद इसके विवादित आराजी का गैर कब्जेदार को आवंटन होना तत्पश्चात कनवर्सन और तत्काल बेचान किया जाना रैस्पोडेन्ट्स की बदनियती को जाहिर करता है। वकील रैस्पोडेन्ट का यह कहना कि अपीलाधीन आदेश के वक्त विवादित आराजी पर कोई स्थगन आदेश नहीं था इसलिये पट्टा/कनवर्सन नियमानुसार है तथ्यापक नहीं कहा जा सकता क्यों कि अदालत हाजा के समक्ष उपलब्ध सहायक कलक्टर भरतपुर द्वारा पारित अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 24.9.1992 से यह प्रमाणित हो जाता है कि दौराने पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 25.9.1992 सहायक कलक्टर भरतपुर का स्थगन आदेश प्रभावी था लिहाजा तहत अदालत द्वारा अपीलाधीन आदेश सक्षम न्यायालय के स्थगन आदेश के आस्तित्व में रहते पारित किया गया है जो कतई न्यायोचित नहीं रहता है। वास्तव में न्यायिक मंशा के मध्यनजर इस तरह की सरसरी कार्यवाहियों को हक हकूकी संबधी नियमित वाद के चलते रोका जाना ही न्यायहित में रहता है ताकि पक्षकारान के वास्तविक हक–हकूकों पर कोई विपरीत असर न पड सके। इसके अलावा वकील रैस्पोडेन्ट की ओर से ऐसा कोई ठोस साक्ष्य सबूत अदालत हाजा के समक्ष पेश नहीं किया गया जिससे अपीलाधीन रूपान्तरण आदेश को नियमानुसार माना जा सके क्यों कि तहत अदालत ने दौराने अपीलाधीन रूपान्तरण कार्यवाही उक्त स्थल को नगर परिषद सीमा से 4 कि0मी0 दूरी पर स्थित होना माना है जबकि सहायक अभियन्ता नगर परिषद भरतपुर की रिपोर्ट दिनांक 15.12.1992 से यह स्पष्ट है कि तुहिया ग्राम नगर परिषद से लगभग 1/2 (आधा) कि0मी0 दूर है ऐसी स्थिति में वास्तविक दूरी से संबधित उक्त दोनों तथ्य परस्पर विरोधाभास उत्पन्न करते है जबकि अपीलाधीन आदेश के अंतर्गत दूरी का बिन्दु महत्वपूर्ण रहता है । तहसीलदार को पैराफेरी क्षेत्र में कनर्सन किये जाने का क्षेत्राधिकार नहीं रहता है ग्रामीण क्षेत्र में भूमि रूपान्तरण हेतु जो नियम दिनांक 27.4.1994 को बनाये गये है उनसे यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में भूमि रूपान्तरण उसी कृषि भूमि पर हो सकता है जो नगर पालिका अथवा नगर परिषद सीमा क्षेत्र से 01 कि0मी0 की दूरी पर हो । नियम 2 (थ) एवं (ज्ञ) इस संबध में यह स्पष्ट करते है कि यह दूरी नियमों के

अंतर्गत प्रतिबन्धित है। इस प्रकरण में रूपान्तरित स्थल की वास्तविक स्थल की दूरी स्पष्ट नहीं हो सकी है। जिसकी वास्तविक स्थिति का स्पष्ट होना नियमान्तर्गत रहता है। तहत रिकार्ड के अवलोकन से यह जाहिर है कि दौराने पारित अपीलाधीन आदेश तहत

अदालत द्वारा न तो वास्तविक दूरी को स्पष्ट किया गया और न ही मौके पर जाकर वास्तविक कब्जे बाबत जांच की गई है। रैस्पोडेन्ट का यह कहना कि सहायक कलक्टर के यहां विचाराधीन नियमित वाद दिनांक 4.3.2002 को खारिज हो चुका है जबकि वास्तविकता यह है कि नियमित वाद अदम हाजरी/अदम पैरवी में खारिज किया गया है न्यायिक मंशा के मध्यनजर प्रकरण का अदम हाजरी में खारिज हो जाना प्रकरण में बाद परीक्षण गुणावगुण के आधार पर मैरिट पर निर्णय होना किसी भी सूरत में नहीं माना जा सकता है जबकि इस संबध में अपीलान्ट की ओर से सहायक कलक्टर भरतपुर के समक्ष नियमानुसार बाजदायरी का प्रार्थना पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 सीपीसी के तहत पेश किया जा चुका है जो वर्तमान में विचाराधीन है ऐसी स्थिति में मात्र तकनीकी त्रुटी को आधार बनाया जाकर किसी भी पक्षकार को उसके स्वत्व/अधिकारों से वंचित रखा जाना न्यायोचित नहीं रहता है। यह सुनिश्चित है कि वास्तविक हक हकूक नियमित दावे से ही तय किये जा सकते है। लिहाजा तमाम बहस तर्कों एवं रिकार्ड के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि खुदकाश्त भूमि पर, न्यायालय सहायक कलक्टर भरतपुर के समक्ष नियममित वाद के विचाराधीन रहते, सक्षम अदालत के स्थगन आदेश दिनांक 24.9. 1992 के आस्तित्व में होते हुये भी तहत अदालत द्वारा बिना कब्जा और मौके की जांच किये अपीलाधीन आदेश दिनांक 25.9.1992 पारित किया गया है जो कतई न्यायसंगत नहीं रहता है। जबकि स्वयं तहसीलदार की रिपोर्ट दिनांक 9.10.1992 इस तथ्य की ताईद करती है कि अपीलान्ट का अर्सा दराज से कब्जा चला आ रहा है । दौराने रूपान्तरण आदेश गिरदावर एवं पटवारी ग्राम तुहिया द्वारा तैयार चैक लिस्ट/रिपोर्ट दिनांक 21.9.1992 में अंकित तथ्य कि '' प्रस्तावित स्थल की दूरी 4 कि0मी0 होना, विवादित भूमि के संदर्भ में किसी न्यायालय में कोई विवाद न होना, मौके पर निर्माण न होना, तथा वास्तविक कब्जेधारी इन तमाम तथ्यों को स्वयं तहसीलदार की रिपोर्ट दिनांक 9.10.1992 ही खण्डन कर देती है। जाहिर है कि तहत अदालत ने स्वयं अपनी ही इस रिपोर्ट को नजर–अंदाज करते हुये अपीलाधीन आदेश पारित किया गया है जो काबिले मंसूखी रहता है। लिहाजा अपील अपीलान्ट स्वीकार योग्य ही रहती है।

अतः उपरोक्त विवेचनानुसार अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर तहत अदालत तहसीलदार (प्राधिकृत अधिकारी) भरतपुर का अपीलाधीन आदेश दिनांक 25.9.1992 निरस्त किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 27.6.2019 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ.आरूषि मलिक)

जिला कलक्टर,
भरतपुर

न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

निगरानी संख्या :–01/2011

1–महेन्द्र सिंह } पिस0 हीरालाल
2–मानसिंह }
3–दिलीपसिंह }
4–रमेश } पिसरान टोहरसिंह
5–प्रतापसिंह }
6–गुलाबसिंह }

जाति जाट निवासी सुनारी
तहसील व जिला भरतपुर

..... निगरानीकर्ता

बनाम

भारत निर्माण राजीव सेवा केन्द्र सुनारी पंचायत समिति सेवर ग्राम पंचायत सुनारी तहसील व जिला भरतपुर

.....उत्तरवादी

निगरानी अन्तर्गत धारा 97 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम विरूद्ध आदेश ग्राम पंचायत सुनारी दिनांक 28.03.2011 अन्तर्गत प्रकरण पटटा नियम 162 राजस्थान पंचायती राज नियम 1996

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 27.06.2019

निगरानीकर्तागण के अन्तर्गतधारा 97 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम विरूद्ध आदेश ग्राम पंचायत सुनारी दिनांक 28.03.2011 अन्तर्गत प्रकरण पटटा नियम 162 राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 विरूद्ध अप्रार्थीगण इस आशय का पेश किया है कि निगरानी कर्तागण के स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड (गैत/नौहरा) को ग्राम पंचायत सुनारी द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1996 की नियम 162 के अन्तर्गत 100′ गुणा 45′ क्षेत्रफल भू–भाग का उत्तरवादी के पटटा करने का आदेश दिया है जिससे निगरानी कर्तागण के अधिकार प्रभावित होते है। अधीनस्थ न्यायालय का आदेश विधि एवं तथ्य विरूद्ध है। इसलिए निरस्त किये जाने योग्य है।

ग्राम पंचायत सुनारी द्वारा निगरानी कर्तागण संख्या 1 व 2 के हक में 80 गुणा 72 वर्गफुट का व निगरानीकर्ता संख्या 3,4,5 व 6 के हक में 96 गुणा 72 वर्गफुट का नियम

157 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1996 के अन्तर्गत पुराना कब्जा व स्वामित्व मानते हुये दिनांक 07.07.03 को पटटा मकान हेतु दिया है और नियमानुसार पटटा शुल्क जमा कराकर निगरानी कर्तागण के हक में पृथक–पृथक पटटे जारी किये है इस प्रकार निगरानी कर्ता विवादित भूखण्ड के स्वामी एवं आधिपत्य धारी है अधीनस्थ न्यायालय ने उन्हें बिना सुने खण्डानाधीन आदेश देने में भारी त्रुटि की है।

निगरानी कर्ता संख्या 1 व 2 को किये गये पटटे के निम्नलिखित हददू अर्वा है।

उत्तर–82 फुट इधर सडक आम सरकारी
दक्षिण– 82 फुट इधर खेत श्री होरीलाल
पूर्व– 70 फुट इधर खेत श्री होरीलाल
पश्चिम–70 फुट इधर गैत नौहरा श्री गुलाबसिंह

निगरानी कर्ता संख्या 3 से 6 को किये पटटे के हदूद अर्वा निम्न प्रकार है

उत्तर–96 फुट इधर सडक आम सरकारी
दक्षिण–96 फुट इधर खेत श्री टोडरसिंह
पूर्व– 72 फुट भूखण्ड श्री होरीलाल
पश्चिम–72 फुट इधर भूखण्ड श्री होरीलाल

दोनों भूखण्ड नौहरा/गैतों पर निगरानी कर्तागण के दो पृथक–पृथक दावे दीवानी न्यायालय में स्थाई निषेधाज्ञा हेतु राजस्थान सरकार के विरूद्ध दायर किये हुये है जिनमें उनके विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा व्यादेश जारी किये हुये है क्योंकि राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि उक्त भूमि गैर मुमकिन आबादी सरकारी होना कह रहे है पाबन्दी आदेशजारी होते हुये खण्डनाधीन आदेश देने में अधीनस्थ न्यायालय ने भारी त्रुटि की है। ग्राम पंचायत नियम 162 के अन्तर्गत कोई पटटा जारी करने का अधिकार व शक्तियां प्राप्त नहीं है निगरानी कर्ता उक्त विवादित भूमि पर काबिज है जिन्हें अभी तक किसी के द्वारा बेदखल नहीं किया गया है उनके कब्जे के सरथरम सिविल न्यायालय का अस्थाई निषेधाज्ञा व्यादेश जारी किया। अधीनस्थ न्यायालय ने विधि विरूद्ध सिविल न्यायालय के आदेश की अवहेलना में खण्डनाधीन आदेश देने में भारी त्रुटि की है। खण्डनाधीन आदेश देने से पूर्व निगरानी कर्तागण को कोई सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया है कोई नोटिस जारी नहीं किये गये है एकपक्षीय तरीके से मनमाने रूप से व्यवहारिक परिणाम का आदेश देने में अधीनस्थ न्यायालय में भारी त्रुटि है। अधीनस्थ न्यायालय के आदेश की निगरानी कर्ता को सर्वप्रथम जानकारी दिनांक 20.06.2011 को ग्राम पंचायत के द्वारा नोटिस देने पर हुई है तो निगरानी कर्ता ने अधीनस्थ न्यायालय के आदेश की नकल हेतु दिनांक 22.06.2011 को आवेदन किया उसी राज नकल प्राप्त होने पर आदेश तहत की जानकारी हुई है। जानकारी होने के दिन से निगरानी अन्दर 90 दिवस पेश की जा रही है।

इस प्रकार निगरानीकर्तगण द्वारा निगरानी पेश कर निवेदन किया है कि निगरानी स्वीकार की जाकर आादेश ग्राम पंचायत सुनारी का दिनांक 28.09.2011 निरस्त किया जावे।

निगरानी दर्ज रजिस्टर की जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया जाकर तहत पत्रावली तलब की गई, जो संलग्न पत्रावली है। अप्रार्थीगण जरिये अभिभाषक उपस्थित हुए।

अपीलार्थी उभयपक्ष के विद्वान अभिभाषकगण की बहस सुनी गई। बहस पर मनन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज का गहनता से अध्ययन किया । विवेचन निम्न प्रकार है–

निगरानीकर्ता द्वारा ग्राम पंचायत सुनारी के आदेश दिनांक 28.03.2011 के विरूद्ध यह हस्तगत निगरानी पेश की है। निगरानीकर्तागण का मुख्य कथन रहा है कि जिस जगह पर राजीव गांधी सेवा केन्द्र सुनारी है उस जमीन का पट्टा आवंटन करने के लिए अनुमोदन किया है उस जगह की बाबत ग्राम पंचायत सुनारी द्वारा निगरानीकर्तागण को दिनांक 07.07.2013 को मकान हेतु

(डॉ.आरूषि मलिक)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official